O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test 1(Round-1) (2026 – 27)

Class : XI

Subject: Hindi **MM: 20**

Name: .---------- **Time: 1 :00 Hr**

Roll No.:_____

सामान्य निर्देश: सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

प्र02 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

आज शिक्षा के क्षेत्र में भी बाजारीकरण हो जाने के कारण शिक्षा महँगी की पहुँच से बाहर हो चुकी है। एक ओर तो रुचि और उपयोगिता के अनुसार उपयुक्त शिक्षा पाने के लिए गरीबों के पास धन उपलब्ध नहीं है, तो वहीं जो सम्पन्न हैं ,उनके पास समय का अभाव है। ऐसे में ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था एक बेहतर विकल्प के तौर पर उभरी है। पिछले वर्ष देश के गरीब और स्कूल न जान सकने वाले बच्चों के लिए सरकार की ओर से प्रभावी कदम उठाते हुए ई-शिक्षा व्यवस्था की शुरुआत करते हुए 'स्वयं डॉट जीओवी डॉट इन' वेब पोर्टल की शुरुआत की गई है। इससे बच्चे ऑनलाइन शिक्षा पा सकेंगे और उन्हें किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। इस पोर्टल की विशेषता यह है कि इससे छात्र मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग सहित तमाम पाठ्यक्रमों की पढ़ाई घर बैठे कर सकेंगे। इससे छात्रों को घर बैठे ही सर्टिफिकेट और डिग्री भी हासिल होंगे, जो किसी भी विश्वविद्यालय में मान्य होंगे।

ऑनलाइन एजुकेशन के प्रति लोगों में बढ़ता उत्साह देखकर कहा जा सकता है कि भारत में इसका भविष्य उज्ज्वल है। यही कारण है कि अब अधिकतर शिक्षण संस्थान इस व्यवस्था को अपना रहे हैं। पढ़ाई का बढ़ता खर्च और किसी भी प्रोफेशनल कोर्स की डिग्री प्राप्त करने के लिए कॉलेजों का चुनाव, प्रवेश परीक्षा और फिर एक साथ मोटी फीस चुकाना युवाओं की बढ़ती संख्या केय लिए काफी मुश्किल साबित हो रहा है। भारत में केवल बारह प्रतिशत छात्रों को विश्वविद्यालय में प्रवेश मिलता है। ऐसे में ऑनलाइन शिक्षा देने वाली कंपनियों के लिए भारत एक बहुत बड़ा बाजार बन गया है। आज एक-दूसरे को समझने-जानने की जिज्ञासा भी लोगों में बढ़ी हुई देखी जाती है। ऐसे में किसी देश की भाषा सीखना आवश्यक हो जाता है क्योंकि भाषा सीखने में उस देश की संस्कृति तथा अन्य बातें समझी जा सकती हैं। इसलिए भारत के प्रति भी रुचि बढ़ी है और हिन्दी सीखने-सिखाने की माँग भी बढ़ी है। यह भारत के लिए, विशेषकर हिन्दी भाषा के लिए शुभ संकेत हैं।

I. भारत के लिए शुभ संकेत हैं

(क) शिक्षा का बाजारीकरण (1)

(ख) हिंदी सीखने-सिखाने की माँग बढ़ाना

(ग) निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था

(घ) ऑनलाइन शिक्षा

(1)

II. 'आनलाइन शिक्षा व्यवस्था' का तात्पर्य है।

(क) घर बैठे इंटरनेट के माध्यम से शिक्षा (ख) मैनेजमेंट, इंजीरियरिंग आदि की शिक्षा

(ग) गरीब और साधनहीन लोगों के लिए शिक्षा (घ) किसी भी प्रकार के शुल्क से मुक्त शिक्षा

III. भारत मे ऑनलाइन शिक्षा मे निरंतर रुचि बढ़ने का क्या कारण है ? (1)

(क) पढ़ाई का खर्च अधिक होना (ख) विश्वविद्यालयों में प्रवेश न मिलना

(ग) अनेक शिक्षण संस्थाओं के द्वारा आनलाइन व्यवस्था (घ) ये सभी

लघुत्तरात्मक प्रश्न

IV. भारत ऑनलाइन शिक्षा देने वाली कम्पनियों के लिए बहुत बड़ा बाजार क्यों बन गया है? (2)

प्र02 सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते हुए धूम्रपान तथा उसके कारण संभावित रोगों की ओर संकेत करते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए।

अथवा

आपके क्षेत्र में कई अनधिकृत मकान बनाए जा रहे हैं। उनकी रोकथाम के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए।

प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) 'नमक का दारोगा' कहानी धन पर धर्म की विजय की कहानी है। प्रमाण द्वारा स्पष्ट कीजिए। (3)

(ख) 'नमक का दारोगा' कहानी का कौन–सा पात्र आपको सबसे अधिक प्रभावित करता है औ क्यों ?(2)

अथवा

मुंशी वंशीधर को सरकारी नौकरी से क्यों हटा दिया गया ?

प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) कबीर का मानना है कि ईश्वर एक है । इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिया है ? (3)

(ख) कबीर ने कुम्हार और मिट्टी का उदाहरण क्यों दिया है ? (2)

अथवा

कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है ?

———000———